नुकसान धान की फसलों पर शीथ ब्लाइट का कहर, मेहनत पर पानी फिरने का खतरा, फसल रोग से जूझते किसान

खड़ी फसल सूखकर हो रही पराली में तब्दील

अमन पटेल

नवभारत,जबलपुर। जिले में धान की फसलों पर शीथ ब्लाइट नामक रोग का प्रकोप बढ़ने से किसानों में हड़कंप मच गया है। खेतों में मेहनत से खड़ी फसल अब सूखकर पराली में तब्दील हो रही है। कई गांवों में धान के पौधों की पत्तियां जलने जैसी दिख रही हैं, जबकि कुछ खेतों में पूरी फसल झुलस गई है। किसानों का कहना है कि पहले पत्तों पर छोटे-छोटे भूरे धब्बे दिखाई दिए, लेकिन कुछ ही दिनों में पौधे पूरी तरह से सूख गए। जिन खेतों में पानी की निकासी ठीक नहीं थी, वहां यह बीमारी और तेजी से फैली।

60 प्रतिशत तक फसल प्रभावित

कई किसानों की फसल लगभग 60 प्रतिशत तक नष्ट हो चुकी है। मौसम और बीमारी के दोहरे हमले ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में झुलस रही फसल किसानों की आंखों में नमी छोड़ रही है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही कृषि विभाग द्वारा मार्गदर्शन और सहायता नहीं दी गई, तो जिले में अनाज उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है।

दवा छिड़की, पर असर नहीं हुआ

किसानों ने बताया कि जब फसल में रोग कि जानकारी लगी तो उन्होंने फफूंद नाशी दवाओं का छिड़काव किया, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। अब खेतों में खड़ी फसल धीरे-धीरे सूख रही है और कटाई भी शुरू होने वाली है, इसलिए इसका असर नहीं पड़ रहा है। किसान का कहना है इस बार लागत दोगुनी थी, लेकिन अब फसल की हालत देखकर मन टूट गया है।

विशेषज्ञों ने दी है सलाह

कृषि उप संचालक डॉ एस के निगम ने बताया कि शीथ ब्लाइट एक फफूंद जनित बीमारी है जो नमी और उच्च तापमान में तेजी से फैलती है। इसके नियंत्रण के लिए खेतों में फसल की बुआई के समय ही बीज उपचारक और रोग प्रतिरोधक का प्रयोग करना चाहिए। विशेषज्ञों ने कहा समय पर छिड़काव से कुछ हद तक रोग को रोका जा सकता है, लेकिन जिन खेतों में यह फैल चुका है, वहां नुकसान रोकना कठिन है।

इनका कहना है

जबलपुर जिले की लगभग 60 से 70 प्रतिशत धान की फसल में यह बीमारी है, जिसके कारण कटाई भी लगभग 15 से 20 दिन देरी से होगी। इसके अलावा आगे खरीफ फसलों की बोनी भी काफी प्रभावित होगी।

के .के .अग्रवाल
अध्यक्ष भारत कृषक समाज

बारिश से खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसल की चमक चली गई है और फफूंद भी लगने लगी है। जिन किसानों के खेतों में ढलाव है, वहां पानी तो निकल गया है, लेकिन नमी अभी भी बनी हुई है।

रामकिशन पटेल
ग्राम भर्रा झगरा (पनागर)

कुछ जगहों पर धान की फसल में शीथ ब्लाइट की जानकारी लगी थी, लेकिन अब फसल कटने को आ गई है। किसानों को बीज रोपने के समय रोग प्रतिरोधक का उपयोग करना चाहिए, जिससे फसल को यह रोग ना लग सके।

डॉ एस के निगम
कृषि उपसंचालक

हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने दिये निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने 45 दिन में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का राहकारी आदेश पारित किया है। सबसे खास बात यह कि याचिकाकर्ता को महज चार माह के भीतर न्याय मिल गया ।याचिकाकर्ता तुषार व्यास की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी, अमित चौधरी व आरएल चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता सेंट्रल बैंक आफ इंडिया में कार्यरत थे। उनके निधन उपरांत नियमानुसार याचिकाकर्ता को अनुकंपा नियुक्ति दे दी जानी चाहिए थी। लेकिन आवेदन के बावजूद ऐसा नहीं किया गया। बैंक की ओर से याचिकाकर्ता के परिवार को मिलने वाली मासिक पेंशन व ऋण की कटौती को 65 प्रतिशत से अधिक दर्शाकर वंचित करने का तरीका अपनाया गया है। जबकि वस्तुस्थिति यह है कि यह प्रतिशत सभी तरह की आय मिलाकर भी 60 से कम है। इस स्थिति में अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने का प्रविधान है। याचिकाकर्ता 26 वर्षीय इंजीनियरिंग स्नातक है। बैंक की ओर से याचिकाकर्ता के परिवार को निर्धन श्रेणी में शुमार न करने की हठधर्मिता अपनाई गई,

जस्टिस श्रीधरन के इलाहाबाद स्थानांतरित होने पर दी गई विदाई

जबलपुर। इलाहाबाद हाईकोर्ट स्थानांतरित किए गए मप्र हाईकोर्ट के प्रशासनिक जस्टिस अतुल श्रीधरन को गुरुवार को आधिकारिक विदाई दी गई। हाईकोर्ट के कोर्ट रूम नंबर एक में चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की मौजूदगी में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए जस्टिस श्रीधरन ने कहा कि देश के सबसे बड़े हाईकोर्ट में काम करने के लिए वे उत्सुक हैं। स्थानांतरण पर वे थोड़े भावुक भी नजर आए। तबादले को प्रक्रियागत बताते हुए उन्होंने राहत इंदौरी का शेर पढ़ा जो आज साहबे मसनद हैं, कल नहीं होंगे, किराएदार हैं जातिय मकान थोड़े है। इस अवसर पर चीफ जस्टिस सचदेवा ने कहा कि जस्टिस श्रीधरन का वंचित, कमजोर वर्ग के लिए न्यायिक योगदान सराहनीय रहा। समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सुनील जैन, अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवी पंडित, स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इंदौर के अध्यक्ष रीतेश ईनाणी, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ग्वालियर के अध्यक्ष पवन पाठक, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल की प्रेसिडेंट शोभा मेनन ने उनके व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर हाईकोर्ट के अन्य जज स्टेट बार काउंसिल के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, रजिस्ट्री के अधिकारी व अधिवक्तागण मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जस्टिस श्रीधरन के स्थानांतरण के बाद मप्र हाईकोर्ट में 53 स्वीकृत पदों पर 43 जज बचे हैं।

बाजार क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमणों को हटाया

जबलपुर। गुरूवार को बाजार क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमणों को हटाने के साथ मुनादी कराई गई। अपर आयुक्त अरविन्द शाह एवं अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने जानकारी देते हुए बताया कि संभाग क्रमांक 7 अंतर्गत पुनीत नगर अधारताल में अवैध दुकान को तोड़ने की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार सुपर मार्केट से लेकर लार्डगंज, बड़ा फुहारा से होते हुए पांडे चौक, बलदेवबाग तक रोड़ एवं फुटपाट पर अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि भूकंप कॉलोनी स्थित उच्च स्तरीय टंकी के चारों ओर सभी अतिक्रमणों को हटाए जाने मुनादी कराई गयी एवं तीन पत्ती चौक से होते हुए छोटी लाइन फाटक, बंदरिया तिराहा, मदन महल, गढ़ा थाना के आस-पास, बड़ा फुहारा से होते हुए सिविक सेंटर, पड़ाव चौक, धनवंतरी चौक आदि जगह पर भी मुनादी की गई और लोगों को समझाइश दी गई कि आगे से अवैध अतिक्रमण न करें अन्यथा आपके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान दलप्रभारी वीरेन्द्र मिश्रा, लक्ष्मण कोरी, बृजकिशोर तिवारी, जे. प्रवीण, अभिषेक समुद्रे, अंकित पारस, कुलदीप त्रिपाठी, दुर्गा राव, भवन से यशवंत सोनी, टाइम कीपर उदय प्रधान एवं पुलिस बल आदि उपस्थित रहे।

सीएम को पत्र लिखा

नवभारत, जबलपुर। भारत कृषक समाज महाकौशल के अध्यक्ष इंजी. के. के. अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किसानों को कृषि कार्य के लिए निर्धारित 10 घंटे की निरंतर बिजली आपूर्ति न मिलने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को 10 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन हकीकत में कई क्षेत्रों में किसानों को केवल 4 से 6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। ट्रिपिंग, वोल्टेज की समस्या, बार-बार कटौती और ट्रांसफार्मर खराब होने जैसी समस्याओं से किसान बेहद परेशान हैं। ट्रांसफार्मर खराब होने पर किसानों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं और कई बार महीनों तक भी बदलाव नहीं होता।

अंजान लिंक को न करें ओपन, ओटीपी शेयर न करें : निगमायुक्त

साइबर अपराध और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से आम जनमानस को बचने जनजागरूकता अभियान

जबलपुर। नगर निगम द्वार शहर के विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक, जनजागरूकता रैली, सेमीनार, बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचने आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि शिक्षा, व्यापार, संवाद और शासन पूरी तरह डिजिटल हो चुका है, जिसमें फिशिंग, ओटीपी फ्राड, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया हैकिंग, फेक न्यूज व दुष्प्रचार जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। इससे नागरिकों को बचाने मध्यप्रदेश शासन द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान एवं जागरूक करने अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा भी डी एण्ड जैन कॉलेज गुलमोहर पार्क, संजीवनी नगर, प्रियदर्शिनी कॉलोनी, संजय नगर गार्डन, गुलौआ चौक, आनंद कुंज चौराहा, गोलबाजार, रानीताल, मानस भवन के सामने नुक्कड़ नाटक, सामुदायिक बैठकें, सेमीनार, एवं बैनर पोस्टर के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया तथा सायबर अपराध से बचने संबंधी संदेशों का प्रसार किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी के अलावा बड़ी संख्या में डी एण्ड जैन कॉलेज, के छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य डॉ. तरूण बाजपेयी, शिक्षक व्याख्याता डॉ. एच एन विश्वकर्मा, डॉ. एस.के. जैन, डॉ. शिखा ताम्रकर आदि उपस्थित रहे। डी. एण्ड जैन के प्राचार्य द्वारा नगर निगम की इस पहल की सराहना की।

मां कमरे में गई तो बेटा फांसी पर झूलता मिला

जबलपुर। सिविल लाइन थाना अंतर्गत होमगार्ड कार्यालय के पीछे रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की मां जब बेटे के कमरे में गई तो बेटे का शव फंदे पर झूलता मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक गुरूवार को कार्तिक रजक उम्र 25 वर्ष निवासी होमगार्ड कार्यालय के पीछे सिविल लाईन ने सूचना दी कि बुधवार रात वह एवं उसका भाई रितिक रजक खाना खाकर अपने अपने कमरे में चले गये थे, भाई सुबह लगभग 4 बजे तक मोबाइल देख रहा था सुबह लगभग 8-30 बजे मॉ कमरे में गई देखीं रितिक खिड़की में बेल्ट से फांसी लगा लिया था मॉ ने आवाज लगाई, उसने चाचा दिनेश को बुलाया और रितिक के गले से बेल्ट निकालकर रितिक को जमीन पर लिटा दिये भाई रितिक रजक 25 वर्ष की मौत हो चुकी थी।

पेट दर्द से त्रस्त युवक ने की आत्महत्या

कुण्डम थाना अंतर्गत ग्राम देवरीकला में पेट दर्द से त्रस्त हो चुके युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि संजू यादव 22 वर्ष निवासी देवरीकला ने सूचना दी कि उसके चाचा बैशाखू यादव 42 वर्ष उसके घर के पास ही रहते थे लगभग 8-10 वर्ष पहले चाचा बैशाखू पेट की बीमारी एवं दर्द से परेशान रहते थे गुरूवार सुबह लगभग 7 बजे झिलमिला के पेड़ में चाचा वैशाखू ने पेट की बीमारी से परेशान होकर स्वंय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

शादी का झांसा देकर लूटता रहा अस्मत

जबलपुर। सिहोरा थाना क्षेत्र में रहने वाला एक युवक शादी का झांसा देकर युवती की अस्मत लूटता रहा। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो वह अपने वादे से मुकर गया। पुलिस के मुताबिक दिनारी खमरिया निवासी 19 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह 17 साल की थी तब उसकी दोस्ती गांव में रहने वाले शुभम पटेल पिता सुरेश पटेल 21 वर्षीय से हो गई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। 19 सितम्बर 23 को शुभम ने उसे घर के पास बुलाया और खेत में ले गया जहां शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद लगातार शादी का झांसा देकर उसके साथ शरीरिक संबंध बनाता रहा। अब जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो वह वादे से मुकर गया और उसे धमकाते हुए मारपीट की।

पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में ओलंपिक भवन बनेगा

महापौर ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

जबलपुर। संस्कारधानी के खिलाड़ियों की प्रतिभा और उनके द्वारा राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित खेल प्रतिभा का आंकलन करते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा निर्णय लिया गया है कि राईट टाउन स्थित पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम के पश्चिमी भाग के कोर्नर पर ओलंपिक भवन का निर्माण राज्य शासन की सहयोग राशि से कराया जायेगा। इससे शहर के सभी खिलाड़ियों को एक ओर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने मौका मिलेगा वहीं दूसरी ओर प्रशिक्षण प्राप्त कर राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कौशल के साथ खेल का प्रदर्शन कर मेडल अर्जित कर सकेगें। खिलाड़ियों को यह सौगात शीघ्र देने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नगर निगम के कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, संभागीय यंत्री आशीष पाटकर, एवं उपयंत्री अंजली सिंह चौहान के साथ निरीक्षण किया और कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिये। महापौर श्री अन्नू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित प्रस्तावित स्थल पर ओलंपिक भवन का निर्माण राज्य शासन द्वारा आवंटित राशि से कराया जाना है। इसके लिए ओलंपिक यार्ड में समिलित खेलों को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्ताव तैयार कराकर स्वीकृति के लिए शीघ्र प्रस्तुत करें। गौरतलब है कि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा शहर के सभी वर्गो को अलग अलग क्षेत्रों में लाभांवित करने एवं सुविधा मोहईया कराने के संबंध में शासन स्तर पर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप खिलाड़ियों को ओलंपिक भवन की सौगात दी जायेगी।

गुम 151 मोबाईल पाकर खिल उठे धारकों के चेहरे

जबलपुर। गुम हुए 151 मोबाईल कीमत लगभग 28 लाख रूपये के पुलिस ने ढूंढ निकाले। मोबाईल धारको को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जब वापस किये गए तो धारकों के चेहरे खुशी से खिल गए। दरअसल पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह के निर्देशन में गुम हुये मोबाईल तलाशे जा रहे हैं। गुरूवार को अतरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह द्वारा पुलिस द्वारा तलाशे गये 151 मोबाईल धारकों को लौटायें गए। विदित हो कि सायबर सेल जबलपुर द्वारा लगातार सायबर जागरूकता संबंधी आयोजन किये जा रहे है, वर्तमान वर्ष 2025 में सायबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों व स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्रा को सायबर संबंधी आपराधो से बचने के उपायों से अवगत कराया जाकर सायबर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये गये है।

अस्पताल से डिस्चार्ज युवक की बस स्टैण्ड में मौत

जबलपुर। दस माह पूर्व सड़क हादसे में घायल युवक को डिस्चार्ज कराने के बाद परिजन घर ले जा रहे थे रास्ते में पाटन के बस स्टैण्ड में युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गुरूवार को धर्मेन्द्र सिहं लोधी निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन ने सूचना दी कि उसके मामा मोहन सिंह लोधी 50 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला का 10 माह पूर्व दुर्घटना में रीड की हड्डी में चोट लगी थी तभी से गढा स्थित हरिओम अस्पताल गढा में इलाज रहा था।

उत्तम कुमार सोनी का निधन

जबलपुर। एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने सुहागी निवासी उत्तम कुमार सोनी 82 वर्ष का गुरूवार शाम चार बजे निधन हो गया। अंतिम संस्कार शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे ग्वारीघाट शमशान घाट में होगा। आप श्रीमती शकुन सोनी के पति और नीता,नीलू,निशा, रिचा,श्रद्धा सोनी के पिता थे।

बढ़ते अपराध के विरोध में कांग्रेसियों ने घेरा घमापुर थाना

जबलपुर। घमापुर में बढ़ते क्राइम के विरोध में कांग्रेसियों ने थाने का घेराव किया। कांग्रेस का आरोप है कि घमापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। पूरे क्षेत्र में अवैध शराब का व्यापार जुआं, सटट्टा, गांजा, स्मैक अवैध वसूली देह व्यापार का बेखौफ तांडव हो रहा है। नागरिको का क्षेत्र में रहना मुश्किल हो रहा है, वहीं क्षेत्र की माताएं, बहने एवं व्यापारी घर से निकलने में भयभीत रहते है स्वंय को असुरक्षित समझ रहे है। चोरी, लूट हो रही है पुलिस गश्त नहीं करती है। अवैध व्यापार की सूचना पर पुलिस कोई कार्यवाही नहीं करती है। पीड़ितों की सुनवाई नहीं होती है उन्हें फटकाकर थाने से भगा दिया जाता है। जिसको लेकर गुरूवार को विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। साथ ही अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुए अपराधियों को संरक्षण देने वाले अधिकारी कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने की मांग की गई। इसके साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर क्राइम कंट्रोल नहीं हुआ तो नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में एक उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

अभियान पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट लगाना अब जरूरी, पहले दिन नहीं दिखा खास असर

राहगीरों के लिए जरूरी 'डबल' सख्ती

जबलपुर, नवभारत। विगत कुछ वर्षों में जबलपुर सहित मध्यप्रदेश के अन्य शहरों में बढ़ते सड़क हादसों और उनमें होने वाली मौतों को ध्यान में रखते हुए बुधवार से प्रदेशभर में हेलमेट अनिवार्यता को लेकर पुलिस द्वारा विशेष अभियान शुरू किया गया है। बता दें कि यह अभियान एडीजी पीटीआरआई के निर्देशानुसार पर शुरू किया गया है। अब न केवल दोपहिया वाहन चालक, बल्कि पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट पहनना जरूरी किया गया है।

धीरे धीरे दिखेगा असर

पुलिस प्रशासन द्वारा बुधवार को जारी किए गए नियम का खास असर गुरुवार को जबलपुर शहर में देखने को नहीं मिला। हालांकि पुलिस ने शहर के बड़े-बड़े चौक चौराहों पर चेकिंग पॉइंट बनाकर लोगों से हेलमेट लगाने की अपील कर जुर्माना भी वसूला। वही नवभारत से चर्चा के करते हुए यातायात पुलिस के

डीएसपी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि आदेश का असर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। आमजनों को अपनी सुरक्षा के लिए खुद ही सजक होना पड़ेगा। उन्होंने आगे बताया कि मध्य प्रदेश राज्य में सड़क हादसों में होने वाली सर्वाधिक मौतों में जबलपुर का स्थान पहला है, जो की चिंता का विषय है। बता दे कि राज्य पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 6 नवंबर से प्रदेश के बड़े शहरों में यह अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस हेलमेट न पहनने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। पुलिस का कहना है कि यह अभियान केवल चालान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर भी फोकस किया जाएगा। दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठने वाले व्यक्तियों के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य हो गया है। यह नियम 4 साल से अधिक उम्र के बच्चों पर भी लागू होता है।

संक्षिप्त में समझे

- क्या है ऑर्डर : चालक के साथ साथ पिलियन को भी हेलमेट लगाना होगा
- कहां कहां लागू : जबलपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन
- क्या कहता है नियम :चालक और पीछे बैठने वाले दोनों के लिए हेलमेट अनिवार्य है, जिसमें 4 साल से अधिक उम्र के बच्चे भी शामिल हैं
- जुर्माने का प्रावधान : पहली बार पकड़े जाने पर 300 का चालान
- फिर कार्रवाई : पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया गया है
- क्या है भविष्य : यह नियम पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा

इनका कहना है

पुलिस द्वारा शुरू की गई इस शानदार पहल का आम जनों को पालन करना चाहिए। इससे हम सभी की सुरक्षा जुड़ी है।

संजय

इस पहल से सड़क हादसों में भी गिरावट आएगी। अब यह सही समय है हेलमेट के उपयोग करने और जीवन बचाने का।

गुलाब

सड़कों पर वाहन चलाने वाले लोगों को हेलमेट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इससे उनकी स्वयं की सुरक्षा होगी। बात सिर्फ चालान तक ही सीमित नहीं है। लोगों को अब खुद ही सजक होना पड़ेगा।

संतोष कुमार शुक्ला
डीएसपी, यातायात